दिनांकः 05.02.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर कई देशों के साथ व्यापारिक समझौते कर रहा है।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विधानसभा में कहा–उनकी सरकार के प्रयासों से पिछले दो वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ।
- मुख्यमंत्री ने जयपुर में इण्डिया स्टोन मार्ट का उद्घाटन किया–पत्थर उद्योग के विकास की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम कल सुबह 10 बजे प्रसारित होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत आज दुनिया के कई देशों के साथ भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर व्यापारिक समझौते कर रहा है। आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय में दुनिया के 9 बड़े देशों के साथ ट्रेड डील साइन की गई हैं। उन्होंने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' बताते हुए कहा कि इसमें 27 देशों के साथ समझौता शामिल हैं, जिसमें यूरोपियन यूनियन भी हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में पिछला वर्ष देश के तेज़ी से विकास का काल रहा है। उन्होंने जोर दिया कि आज भारत एक दुर्लभ और अनुकूल दौर से गुजर रहा है। जहाँ दुनिया के कई विकसित देश बुजुर्ग आबादी की चुनौती का सामना कर रहे हैं, वहीं भारत अपनी युवा शक्ति के दम पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्व अब भारत की युवा प्रतिभा, संकल्प और क्षमता को पहचान रहा है।

000

लोकसभा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले महीने की 28 तारीख को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया था।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि उनकी सरकार के प्रयासों से पिछले दो वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है और प्रदेश के आर्थिक प्रबंधन और स्वास्थ्य क्षेत्र के नवाचारों की सराहना केंद्र सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण में भी की गई है। मुख्यमंत्री आज विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राजस्व घाटे में लगातार कमी आ रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण किया गया है।

वर्ष 2023–24 में महंगाई दर 6 दशमलव 39 प्रतिशत थी, जो 2024–25 में 4 दशमलव 3 प्रतिशत और 2025–26 में घटकर मात्र शून्य दशमलव एक प्रतिशत रह गई है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार ने पिछली सरकार की तुलना में केंद्र से अधिक पूंजीगत सहायता प्राप्त की है।

...................

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान 11 जनकल्याणकारी योजनाओं में देश में पहले स्थान पर और पांच योजनाओं में दूसरे स्थान पर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य ने दो आयामों पर 'बेस्ट परफॉर्मर स्टेट' का खिताब भी हासिल किया है। नहरी तंत्र की मजबूती पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 100 साल पुरानी गंग नहर प्रणाली के आधुनिकीकरण और नहरों की कंक्रीट लाइनिंग के लिए लगभग 1,717 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन की अवधि को वर्ष 2028 तक बढ़ा दिया गया है।

................

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने दो साल में किसान सम्मान निधि को डेढ़ गुना कर दिया है और आने वाले समय में इसे दोगुना करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने सदन को जानकारी दी कि राज्य सरकार ने किसानों को 48,000 करोड़ रुपये से अधिक का अल्पकालीन ऋण दिया है। उन्होंने कहा कि गेहूं पर देश में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य राजस्थान में दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 22 जिलों में किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इससे पहले प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि इस सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाएं बंद कर दीं और कैबिनेट की बैठक चार–चार माह तक नहीं होती है। श्री जूली ने कहा कि पिछले 2 बजट में 2 हज़ार 717 घोषणाएं की गई पर 754 ही पूरी हो पाई हैं। उन्होंने सरकार को भ्रष्टाचार जैसे मुद्दो पर भी घेरा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान में 85 तरह के खनिज उपलब्ध हैं और राज्य सरकार पत्थर उद्योग को देश में सिरमौर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वे आज जयपुर में इंडिया स्टोनमार्ट 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान निवेश के लिए सबसे सुरक्षित जगह है। 'राइजिंग राजस्थान' समिट के तहत हुए 35 लाख करोड़ रूपये के समझौतों में से 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पत्थरों की विश्व में अनूठी पहचान है और अब यह उद्योग नई ऊंचाइयां छूने को तैयार है।

....................

इस अवसर पर उन्होंने पत्थर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उद्यमियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि नई नीतियों और सिंगल विंडो सिस्टम से उद्यमियों को बड़ी राहत दी जा रही है। यह प्रदर्शनी 8 फरवरी तक चलेगी।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम कल सुबह 10 बजे प्रसारित किया जाएगा। प्रदेश के विद्यार्थी इस कार्यक्रम का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। पावटा की छात्रा आरोही ने बताया कि प्रधानमंत्री के सुझावों से समय प्रबंधन और तनाव मुक्त होकर पढ़ाई करने में मदद मिलती है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को परीक्षा के दबाव से उबरने के टिप्स देता है।

..........................

000

अजमेर स्थित राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कंट्रोल रूम शुरू हो गया है। बोर्ड सचिव गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि विद्यार्थी और अभिभावक परीक्षा संबंधी समस्याओं के लिए निर्धारित फोन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। इस वर्ष 12 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए करीब 20 लाख विद्यार्थी पंजीकृत हैं। प्रदेशभर में 6,193 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दसवीं की परीक्षा 28 फरवरी तक और बारहवीं की परीक्षा 10 मार्च तक चलेगी। परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए बोर्ड ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अपने जिलों में परीक्षा कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। झुन्झुनू के जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मील ने बताया कि प्रश्न पत्रों को सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित पुलिस थानों और चौकियों में सुरक्षित रखवाया जाएगा। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए पेपर को–ऑर्डिनेटर और माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं।

......................

000

राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में सवाई माधोपुर जिला प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है। जिला कलेक्टर काना राम ने बताया कि जनवरी 2026 में जिले को विभिन्न मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह रैंकिंग मिली है। जिले में शिकायतों के निस्तारण का प्रतिशत 68 दशमलव 7 रहा और नागरिक संतुष्टि का स्तर 77 प्रतिशत दर्ज किया गया है। सवाई माधोपुर में शिकायतों के समाधान का औसत समय मात्र 14 दिन रहा है। कलेक्टर ने बताया कि पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों को लेकर प्रशासन गंभीर है और हर समस्या का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में एक भी शिकायत 6 माह से अधिक समय से लंबित नहीं है। रैंकिंग में झालावाड़ दूसरे और अलवर तीसरे स्थान पर रहा।

000

बाड़मेर में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित तीन दिन की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी आज संपन्न हो गई। यह प्रदर्शनी 'विकसित भारतः अन्नदाता का मान, श्रम शक्ति का सम्मान', थीम के अलावा राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित थी। इस प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया गया, जिसमें आमजन को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

000